स्पाइसेस बोर्ड

(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)
सुगंध भवन, एन.एच. बै पास, पी.बी. नं. 2277
पालारिवट्टम पी.ओ., कोच्ची-682025
टेली. 0484-2333610 -616

स्पाइसेस बोर्ड में संविदा आधार पर सुविधा प्रबन्धक सह इलेक्ट्रीशियन का चयन

स्पाइसेस बोर्ड अपने मुख्यालय, कोच्ची में नीचे दिए गए विवरण के अनुसार **संविदा आधार पर सुविधा प्रबन्धक सह इलेक्ट्रीशियन** के रूप में नियुक्ति केलिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है। यह नियुक्ति एक वर्ष की प्रारंभिक अवधि केलिए होगी और दो और वर्षों केलिए बढ़ाई जा सकती है। पात्रता मानदंड, योग्यता, कौशल, अनुभव, जिम्मेदारियाँ नीचे दिए जाते हैं:

सुविधा प्रबन्धक सह इलेक्ट्रीशियन

1	अपेक्षित कर्मियों की संख्या	एक (एक सुविधा प्रबन्धक सह इलेक्ट्रीशियन)
2	शैक्षिक योग्यताएँ	किसी मान्यता प्राप्त संस्था से इलेक्ट्रिकल स्ट्रीम में आईटीआई/डिप्लोमा
	अनुभव	1) बहुमंजिला इमारतों/कार्यालय भवन समूहों/समान सुविधाओं में विद्युत प्रतिष्ठानों और सहायक उपकरण की मरम्मत/रखरखाव/स्थापना में कम-से-कम छह वर्ष का व्यावहारिक अनुभव। 2) प्लंबिंग कार्यों की मरम्मत/रखरखाव में अनुभव
3	अनिवार्य कौशल	बहुमंजिला इमारतों/कार्यालय भवन समूहों/समान सुविधाओं में विद्युत उपसाधनों और उपकरणों की मरम्मत/रखरखाव/स्थापना में अच्छा ज्ञान एवं व्यावहारिक अनुभव।
4	प्रमुख जिम्मेदारियाँ	1. विद्युत प्रतिष्ठानों और सहायक उपकरण, यूपीएस, वातानुकूल इकाइयों, लिफ्ट आदि की मरम्मत और रखरखाव के संबंध में विभिन्न एजेंसियों के साथ समन्वय करना । 2. नए लघु विद्युत कार्यों का निष्पादन/अपेक्षानुसार संबंधित एजेंसी के साथ प्रमुख विद्युत कार्यों का समन्वय

		करना 3.अपेक्षानुसार प्लंबिंग सिस्टम की समय पर मरम्मत और रखरखाव की व्यवस्था करना 4. दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों में इंजीनियरिंग/ स्थापना अनुभाग की सहायता करना
5	स्थान	कोच्ची
6	परिलब्धियाँ	प्रथम वर्ष : 22,000/- रुपए प्रति महीना द्वितीय वर्ष : 22,500/- रुपए प्रति महीना तृतीय वर्ष : 23,000/- रुपए प्रति महीना
7	आयु	जैसेकि आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख को है, 45 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए
8	चयन का तरीका	लिखित परीक्षा या/और कौशल परीक्षा
	लिखित परीक्षा या/और कौशल परीक्षा की तारीख व समय आवेदन कैसे करें आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख	स्पाइसेस बोर्ड की वेबसाइट पर यथासमय अधिसूचित किया जाएगा योग्य उम्मीदवार निम्न लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं - https://forms.gle/jcwJxu3CpeGHZDBe6 पदों के लिए आवेदन करने वाले पात्र उम्मीदवार को निम्नलिखित दस्तावेज अपलोड करने चाहिए क.पहचान प्रमाण (मतदाता पहचानपत्र / आधार आदि) ख. आयु / शैक्षिक योग्यता और अनुभव प्रमाणपत्र का प्रमाण ग. फोटो संसूचित पद की संख्या अनंतिम है और अपेक्षा के आधार पर भिन्न हो सकती है। बोर्ड ऑनलाइन लिखित परीक्षा के लिए आवेदकों को शॉर्ट-लिस्ट करने का अधिकार रखता है। 15 अक्तूबर, 2021

उम्मीदवारों को अनुदेश:

1. रैंक सूची की वैधता दो वर्ष होगी।
2. दिखाई गई संख्या अनंतिम है और ऐसी अपेक्षाओं को रैंक सूची से भरा जाएगा।
3. उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन के समय आयु, योग्यता और अनुभव के संबंध में सभी अपेक्षित दस्तावेज अपलोड करने होंगे। अपलोड किए गए दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा और उम्मीदवारों को परीक्षा के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा।
4. आयु, अनुभव और अन्य सभी निर्धारित योग्यताओं की गणना आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि के आधार पर की जाएगी।
5. अनुभव की अवधि की गणना निर्धारित योग्यता प्राप्त करने के बाद की मानी जाएगी।
6. उम्मीदवारों की नियुक्ति स्पष्ट रूप से संविदा आधार पर होगी और किसी भी परिस्थिति में नियमित नियुक्तियों से जुड़ी नहीं है और किसी भी स्तर पर नियमित नहीं की जा सकती है।
7. स्पाइसेस बोर्ड, चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में तिथि और समय को फिर से निर्धारित करने का अधिकार रखता है।
8. सचिव, स्पाइसेस बोर्ड बिना कोई कारण बताए या नोटिस दिए इस विज्ञापन में किसी भी संशोधन, रद्दीकरण और परिवर्तन का अधिकार रखता है।
9. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपडेट के लिए बोर्ड की वेबसाइट www.indianspices.com में अधिसूचनाएं/अवसर की जांच करें और तीसरे पक्ष की वेबसाइटों की जानकारी पर भरोसा न करें।
10. चयनित उम्मीदवार को 200/- रुपये के स्टांप पेपर में एक करार निष्पादित करना होगा।

निदेशक(प्रशासन)

तारीख: 28 सितंबर, 2021

कोच्ची